आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी नई दिल्ली में आवाजाही सुगम करने के लिए आज दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्‌घाटन करेंगें

- चुनाव आयोग ने कहा–मतदाता सूची पूरी पारदर्शिता और कानून कायदो का पालन कर तैयार की जाती हैं

- राज्य सरकार की आरजीएचएस में गडबडियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही–पारदर्शिता के लिए एंटीफ्रॉड सेल के गठन की तैयारीं

- प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की बारिश–हालांकि जैसलमेर और बीकानेर में पारा 40 डिग्री के पारं

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में करीब 11 हज़ार करोड़ रुपये की दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्‌घाटन करेंगें ये परियोजनाएँ राष्ट्रीय राजधानी में भीड़–भाड़ कम करने के लिए विकसित की गई हैं इनमें द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार मार्ग–2 शामिल हैं इन परियोजनाओं से दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में आवाजाही सुगम होगी तथा यात्रा समय कम होगां इस अवसर पर श्री मोदी जनसमूह को संबोधित भी करेंगें

0000

भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड की आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में बैठक होगीं इसमें उप–राष्ट्रपति चुनाव के प्रत्याशी पर चर्चा हो सकती हैं एनडीए नेताओं ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री श्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्‌डा को उप–राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुनने के लिए अधिकृत किया हैं उप–राष्ट्रपति चुनाव के लिए 21 अगस्त तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं चुनाव नौ सितम्बर को होगां यह चुनाव श्री जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण हो रहा हैं

0000

निर्वाचन आयोग आज दोपहर 3 बजे नई दिल्ली में प्रेस वार्ता करेगां आयोग से मिली जानकारी के अनुसार इसमें मतदाता सूची संशोधन से जुडी जानकारी साझा की जा सकती हैं इस बीच चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाता–सूची पूरी पारदर्शिता से, कानून–कायदों का पालन कर तैयार की जाती हैं मतदाता–सूची तैयार करते समय हर चरण में राजनीतिक दलों को शामिल किया गया थां आयोग ने पिछले चुनावों की मतदाता सूचियों में कथित कमियों का मुद्दा उठाए जाने की आलोचना की हैं आयोग ने कहा कि मतदाता–सूची से जुड़ा कोई भी मुद्दा दावा और आपत्ति अवधि के दौरान उठाया गया होता, तो उनकी जाँच की जा सकती थीं आयोग ने यह भी कहा कि कई राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं ने मतदाता–सूची के मसौदे पर समय रहते कोई आपत्ति दर्ज नहीं की थीं

0000

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का आज भीलवाडा दौरे का कार्यक्रम हैं वे गुलाबपुरा में पर्यटन विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगीं इसके बाद उनका राजसमंद जाने का भी कार्यक्रम हैं

0000

राज्य सरकार राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम–आरजीएचएस में गडबडियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रही हैं इसी कड़ी में तीन फार्मेसी स्टोर और एक अस्पताल के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवायी गई हैं और ब्योरा दे रही है समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी डॉ. सालेहा गाज़ी–

.....

0000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज सीधी भर्ती पटवार परीक्षा 2025 हो रही हैं 3 हजार 705 पदों के लिए ये परीक्षा दो पारियों में हो रही हैं इसके लिए प्रदेशभर में 1 हजार से अधिक परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं परीक्षा के सफल संचालन और नकल रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं

00000

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 47 प्रतिशत से अधिक की बढोतरी हुई हैं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया की सफलता के कारण पिछले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 31 अरब डॉलर से बढ़कर 133 अरब डॉलर हो गया हैं

0000

भारतीय अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पंहुचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गयां केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने हवाई अड्डे पर उनकी अगुवाई कीं अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय के रूप में इतिहास रचने के बाद, शुभांशु शुक्ला पुनर्वास कार्यक्रम के तहत अमेरीका में थें वह पिछले महीने की 15 तारीख को पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आए थें

0000

पाली जिले में सिरयारी के पटवारी को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया हैं ऐसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि ये राशि आरोपी ने भूखण्ड और दुकान का म्यूटेशन भरने की एवज में ली थीं

0000

प्रदेश में जन्माष्टमी भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गईं रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के साथ ही मंदिरों में जयकारों की गूंज रही और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड उमडीं जयपुर के गोविंददेवजी मंदिर, सीकर के खाटूश्यामजी, करौली के मदन मोहन जी, चित्तौडगढ के सांवलिया सेठ, भरतपुर के बांकेबिहारी सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गईं इसमें भक्तों का सैलाब उमडां डूंगरपुर के श्रीनाथ मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर और हरि मंदिर में जन्माष्टमी जोर शोर से मनाई गई और विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड कार्यक्रम हुएं नाथद्वारा के श्रीनाथजी मंदिर में सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार भगवान को 21 तोपों की सलामी दी गईं हमारे संवाददाता ने बताया कि मंदिर में आज नंदोत्सव मनाया जायेगां

.....

डीग में दो दिन के कामां उत्सव के तहत नंदोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि आज मदन मोहन मंदिर से शोभायात्रा निकाली जायेगीं

.....

0000

राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुईं सिरोही, पाली, बाडमेर और जयपुर में दोपहर बाद हल्की बारिश का दौर चलां वहीं कई स्थानों पर उमस और गर्मी से लोग परेशान रहें फलौदी, जोधपुर, पिलानी, चूरू, श्रीगंगानगर, नागौर में दिन का तापमान 35 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रहां बीकानेर, जैसलमेर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआं हमारे संवाददाता ने बताया कि लोग बरसात का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं

.....

इस बीच मौसम विभाग ने अगले चार–पांच दिन दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ बारिश की संभावना जताई हैं इस दौरान कहीं–कहीं भारी बारिश भी हो सकती हैं

0000